हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 11 मई 2025

11 विधायक निषाद को छात्रों ने समस्याओं की दी जानकारी

12 पंक्ति के अंतिम व्यक्ति और जरूरतमंदों को शासन के...




## खबर संक्षेप

### पत्रकार कल्याण महासंघ सम्मेलन रायपुर में 19 को

**लाटाबोड़।** पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ का तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह 19 मई दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर के वृन्दावन हॉल कबीर चौक, रायपुर में आयोजित किया गया है। पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बस्तर संभाग प्रभारी दिनेश नामदेव ने बताया कि संगठन के तृतीय स्थापना दिवस व सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि -पुरन्दर मिश्रा, विधायक रायपुर उत्तर होंगे। अध्यक्षता सेवकदास दीवान, महासंघ के प्रदेश करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल जी विधायक बसना, मीनल छगन चौबे जी महापौर नगर निगम रायपुर,.अमरजीत छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग छ.ग.शासन होंगे।

### चौरेला के मंदिर ट्रस्ट की बैठक आज होगी

**लाटाबोड़।** 11 मई रविवार को समय 4 बजे मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें आप सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। समिति के अध्यक्ष नितीश मोंटी यादव ने बताया बैठक में चैत्र नवरात्रि 2025 की आय व्यय प्रस्तुत करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श एवं अन्य विषय अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार विमर्श अनुसार किया जायेगा।

### सुरेगांव तथा ओडारसकरी में 13 को समाधान शिविर

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान सुरेगांव तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान ओडारसकरी में 13 मई को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल मैदान सुरेगांव में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बीजाभांठा, हथौद, डेंगरापार, रानीतराई (कि), किसना, सिंगारपुर, भालूकोन्हा हड़गहन, भुरकाभाट, मनकी (क), केवट नवागांव, सुरेगांव, झिटिया, परसाडीह (सु), फरदफोड़, भण्डेरा पसौद, परसुली, मुढ़िया, भेड़ी (सु) अहि. नवागांव के निवासी शामिल होंगे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल ओडारसकरी में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम माहूद (अ), डुड़िया, मटिया (अ), देवगहन, ओड़ारसकरी, चीचा, भिलाई, तिलखैरी, गुरेदा, भरदाखुर्द, डंगनिया, नाहंदा, देवरी (ख) के निवासी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

**अभियान :** सामाधान शिविरों में जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनों को जागरूक किया

# चेकिंग अभियान में 814 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 1.65 लाख की वसूली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस द्वारा बीते सप्ताह सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने मोटर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 814 लापरवाह वाहन चालकों पर 1,65,100 रू. की चालानी कार्यवाही किया गया। तौर पर मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले 04 प्रकरणों में 21,200 रू. एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 06 शराबी वाहन चालकों पर 60,000 रू. अर्थदण्ड की कार्यवाही किया गया।

परिवहन विभाग को पत्र भेजकर शराबी वाहन चालको एवं मालवाहक में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों का लायसेंस भी निलंबन कराया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 सामाधान शिविरों में ''जागरूकता रथ'' के माध्यम से आम जनों को जागरूक किया गया। इस दौरान शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन नहीं करने बालोद पुलिस ने अपील की।

▪ मालवाहक में सवारी बैठाने के 4 प्रकरणों में 21,200 एवं छह शराबी चालकों पर 60,000 रूपए का अर्थदण्ड

या ता या त बालोद एवं सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा विगत सप्ताह मोटर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस वाहन चेकिंग अभियान का उद्दे"य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आम जनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। मोटर वाहन चेकिंग में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारीयों, यातायात बालोद द्वारा 814 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 1,65,100 रू. समंस शुल्क वसूल किया गया है। वि"ोश तौर पर मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले 04 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 21,200 रू. समन शुल्क वसूल किया गया एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरणों में कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां न्यायालय द्वारा 60,000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

सुशासन तिहार 2025 में समाधान शिविरों में ''जागरूकता रथ'' के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राईम एवं नवीन कानूनों के बारे में पाम्पलेट वितरण एवं विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से यातायात नियमों का पालन करने अपील की जा रही है।

यातायात पुलिस बालोद द्वारा आम नागरिकों से अपील किया गया है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर लाईट का प्रयोग करे, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवष्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

# तांदुला में छोड़ा पानी तेज बहाव में नेवारीकला का अस्थायी रपटा बहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणो को गर्मी के दिनो मे बारिश का अहसास हो रहा है। ग्राम के तांदुला नदी मे पानी आने के कारण अस्थायी रपटा एक बार फिर बह गया है जिसके कारण ग्रामीणो को जान जोखिम मे डालकर तेज बहाव को पार कर जिला मुख्यालय काम मे जाना पड़ रहा है। जहां ग्रामीणो के वर्शो पुराने मांग तांदुला नदी मे पुल निर्माण पूरा नही होने के कारण ग्रामीणो की दिक्कते दूर नही हो रही है। जहां दिन के साथ रात मे भी ग्रामीण मजबुरी मे इसी मार्ग से आना जाना कर रहे है। ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी मे वर्शो से पुल निर्माण की मांग ग्रामीणो द्वारा की जा रही है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणो के वर्शो पुराने मांग पर ध्यान न देने के कारण ग्रामीणो को वर्तमान गर्मी मे बारिश का अहसास हो रहा है क्योकि ग्राम के तांदुला नदी मे गुरूवार रात्रि को अचानक से नदी मे तेज बहाव के साथ पानी आया है तथा यह पानी लगातार दो दिनो से बरकरार है, जिसके कारण ग्राम के तांदुला नदी मे गर्मी के दिनो मे ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणो के आवागमन के लिए बनाए गए अस्थायी रपटा पानी के तेज बहाव मे बह गया है। जिसके कारण ग्रामीण जो प्रतिदिन जिला मुख्यालय रोजगार के साथ शिक्षा, व्यापार के लिए आना जाना करते है उन्हे दिक्कतो का सामना करते हुए हाथो मे सायकल उठाकर नदी पार करना पड़ रहा है।

▪ पानी से मिली राहत पर आवागमन की मुसीबत बढ़ी

चूकि ग्राम मे कुम्हार परिवार, सब्जी विक्रय, व्यापारी वर्ग, शिक्षा, रोजी मजदूरी से जूड़े लोग प्रति दिन जिला मुख्यालय गर्मी के दिनो मे इसी नदी मार्ग से आना जाना करते है, क्योकि यह मार्ग जिला मुख्यालय जाने के लिए मात्र 6 किलोमीटर पड़ता है, वही नदी मे पानी आने पर नेवारीकला के ग्रामीणो को जिला मुख्यालय जाने के लिए 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। जिसे देखते हुए ग्राम मे कई सालो से तांदुला नदी मे पुल निर्माण की मांग की जा रही है।

# समर कैंप में बच्चों ने ड्राइंग पेंटिंग व ग्रीटिंग कार्ड बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप का समापन 10 मई को हो गया। समर कैंप 1 मई से आयोजित था। इस अवसर पर समर कैंप में आने वाले बच्चों के माता–पिता को भी आमंत्रित किया गया था, समर कैंप का समापन अवसर पर बच्चों द्वारा ड्राइंग, पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड बनाया गया, दिया डेकोरेशन एवं डांस प्रतियोगिता व गेम्स, में सहभागिता निभाई।



ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि आप सभी यहां बैठकर मेडिटेशन सीखे है, जिसका प्रयोग अपने लिए व देश की रक्षा करने वाले जवानों के लिए व देश के अमन, चैन व शांति के लिए करना है। इस तरह समर कैंप में लगभग 80 बच्चों ने लाभ उठाया। इसमें विशेष रूप से ब्रह्माकुमारी बहनें एवं साथ में रेणु बहन, तुलसी, प्रीति, मंजुषा, मनीषा, निशा, जगदीश भाई, भूषण भाई, मनीष भाई सभी की विशेष रूप से सहभागिता रही।

### तरौद हाईस्कूल के दसवीं का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा

बालोद। ग्राम तरौद हाई स्कूल के पहले ही बैच ने 100 प्रतिशत परिणाम देकर जिला को गौरवान्वित किया। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में शासकीय हाई स्कूल जिला बालोद के उन्नयन के पश्चात प्रथम बैच के द्वारा ही शत प्रतिशत परिणाम हासिल की है, जिससे शासकीय हाई स्कूल तरौद बालोद के कक्षा दसवीं वार्षिक परीक्षा परिणाम मे कुल 20 विद्यार्थऍयो मे से परीक्षा में प्रविष्ट 19 मे से सभी 19 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमे प्रथम श्रेणी मे 07, द्वितीय श्रेणी मे 11, तृतीय श्रेणी मे 01 परीक्षा उत्तीर्ण हुआ तथा 01 परीक्षा से अनुपस्थित रहा। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत प्राप्त होने पर ग्राम सरपंच धर्मेंद्र रामटेक, जनपद सदस्य माहेश्वरी ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं राज्य चेयरमेन रेड क्रॉस सोसाइटी तोमन साहू, पूर्व सरपंच शिव राम ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य रमशिला शाटिया, सेवानिवृत शिक्षक चतुर्भुज साहू, झग्गर कौशिक, गुमान साहू, चमन लाल साहू, उमेन्द्र कौशिक, शंभूराम साहू, संतराम निषाद, संकुल समन्वयक भिखूराम यादव, विद्यालय के प्राचार्य लीनू तुली, व्याख्याता रघुनंदन गंगबोईर, आरती कोसरे, शिक्षक उत्तरा ठाकुर, जेपी यादव, नकुल यादव, गायत्री चद्रकार, टिकेशवरी पटेल, रोहणी ठाकुर, शांति निषाद, लता निषाद, पीला राम साहू, रिया साहू, खोमेशवरी, सुनीता देवगन सहित समस्त नागरिकों ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से हर्श व्यक्त किया।

**कुल 2.06 करोड़ रुपये की राशि के पारित हुए अवार्ड**

# नेशनल लोक अदालत में 2193 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार बालोद जिले के समस्त न्यायालयों—डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही एवं राजस्व न्यायालयों सहित—में दिनांकित नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्याम लाल नवरत्न के मार्गदर्शन में कुल 09 खंडपीठों का गठन किया गया था, जिनके समक्ष कुल 2254 लंबित प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इनमें से 2193 प्रकरणों का समाधान आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से किया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न न्यायालयों के समक्ष कुल 39,485 प्रकरण (लंबित एवं प्री-लिटिगेशन सहित) रखे गए, जिनमें से 34,985 प्रकरणों का समाधान लोक अदालत के माध्यम से संभव हो सका। इन प्रकरणों में सिविल एवं दांडिक विवाद, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल से संबंधित मुद्दे और राजस्व प्रकरण शामिल थे। इस अवसर पर न्यायालयों द्वारा कुल 2,06,67,949 रुपये की राशि के अवार्ड पारित किए गए। साथ ही, आपसी सुलह और सहमति से प्रकरण निपटाने वाले पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधे वितरित किए गए। नेशनल लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्षकारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही, विशेष मानवीय पहल करते हुए, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा शारीरिक रूप से दिव्यांग परागा बाई (निवासी ग्राम कुरदी, तहसील अर्जुन्दा) को ट्राईसायकल भेंट की गई। बालोद बाजार की ओर से विशेष स्टॉल लगाए गए और परिवार न्यायालय में कई पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। यह नेशनल लोक अदालत आपसी समझौते, सुलह एवं सामाजिक न्याय की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल सिद्ध हुई।


पक्षकारों को मिला पौधा और ट्राइसायकिल



# स्पैरो कंपनी के घोटाले की पुलिस ने शुरू की जांच, लिए जा रहे बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा स्पैरों कंपनी के दस कर्मचारियों पर एफआईआर किए जाने के लिए लिखे गए पत्र के बाद टीआई ने जांच शुरू कर दिया है। बहरहाल सभी कर्मचारियों से पुलिस द्वारा बयान ले रही है। खबर है कि, मामले में कंपनी के बडे कर्मचारियों से भी पूछताछ हो सकती है। क्योकि टैक्स की राशि जमा नही होने के मामले में बडे कर्मचारियों की भी जिम्मेदारी थी।

पदनाभपुर थाने के टीआई केशव कोसले ने बताया कि निगम से पत्र मिला है, जिसके बाद सभी कर्मचारियों से बयान लिया जा रहा है।

## कंपनी के कई बड़े कर्मचारी पर भी कसा जा सकता है शिकंजा

### स्पैरो कंपनी ने पैसों के गबन के अलावा संपत्तिकर भी छुपाए

स्पैरों कंपनी ने कर वसूली की राशि को नगरनिगम में जमा नही किया था। इसके आलावा कंपनी ने संपत्तिकर में भी बडा घोटाला किया है। नगरनिगम के राजस्व निरिक्षक जब वसूली में जा रहे है तब उन्हें जानकारी हो रही है कि, कंपनी द्वारा संपत्तिकर की जानकारी दस्तावेज में सही उल्लेख नही किए है। इस तरह कंपनी के कर्मचारियों पर दो बडे सवाल उठ रहे है। बहरहाल थाने से मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




### बयान ले रहे

नगरनिगम द्वारा स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों पर एफआईआर करने पत्र लिखा है। सभी कर्मचारियों से बयान लिया जा रहा है। बयान के बाद आगे कार्यवाही होगी। -केशव कोशले, टीआई पदनाभपुर

### जो नाम दिए, कई नौकरी छोड़ चुके

नगरनिगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा दस कर्मचारियों के खिलाफ गडबडी किए जाने पर एफआईआर किए जाने पत्र लिखा है। पुलिस की माने तो शुरूआती जांच में पता चला है कि, जो नाम निगम ने दिए है। उसमें कई लोग गडबडी के दौरान नौकरी छोड चुके है। उन्होने इसकी लिखित आपत्ति आयुक्त के सामने दर्ज भी कराई है। ऐसे में सवाल उठ रहा हैं कि, कई सोची समझी साजिश के तहत नाम तो आगे नही बढाए गए है। क्योकि निगम के कर राशि में गडबडी में न सिर्फ कर्मचारी बल्कि स्पैरों कंपनी के बडे जिम्मेदार से भी पुलिस बयान ले सकती है।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2016-17 से स्पैरों कपंनी को टैक्स वसूली की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसका अनुबंध वर्ष 2023-24 को मार्च माह में समाप्त हो गया था। अनुबंध सामाप्त होने के बाद वर्ष 2024-25 से नगरनिगम के राजस्व अधिकारियों द्वारा टैक्स वसूली शुरू की गई।

निगम अमला जब वार्डो में टैक्स वसूलने पहुंचे तब पता चला कि, स्पैरों कंपनी द्वारा कई करदाताओं से टैक्स लेकर रिकार्ड में इसे दर्ज नही किया है। करदाताओं से टैक्स वसूली और संपत्तियों के निर्धारण में खामियों की जांच की गई तो करीब साठ लाख रूपए की गडबडी सामने आई थी।

## खबर संक्षेप



### पन्द्रह दिन में मिलेंगे उपादान की राशि

दुर्ग। वित्त लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने एमआईसी भवन के कक्ष में विभाग समिति की बैठक ली। बैठक में दुर्ग शहर के विभिन्न निजी तालाबों के स्वामित्व के लिए समिति का गठन किये जाने का विचार किया गया। प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने समिति के सदस्यों व अधिकारियों के साथ उपादान की राशि की समीक्षा कर उपादान राशि की सूची का अवलोकन किया। उन्होंने सूची जांच करने के बाद अधिकारी से कहा सूची अंतर्गत जितने भी नाम दर्ज है सभी को 15 दिन के भीतर उपादान की राशि किस्तों में भुगतान करें। साथ ही उन्होंने डिटिजल रिकार्ड के लिए भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट से संबंधित अपना दस्तावेज लेखा वित्त में जमा करे। बैठक में देवनारायण तांडी, विजयंत पटेल, मनीष बघेल, संजय अग्रवाल, अब्दुल खालिक, सावित्री देवी दमोहे, मनोज सोनी, साजन जोसेफ, हिरोंदी नंदनिया, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, योगेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### दुर्गेश को समाधान शिविर से मिली राहत



दुर्ग। ग्राम बोरीगारका निवासी कृषक दुर्गेश वर्षो से अपनी भूमि के कागजात को लेकर असमंजस में रहे। दुर्गेश के लिए समाधान शिविर वरदान से कम नहीं रहा। दुर्गेश की ऋण पुस्तिका जीर्णोद्धार स्थिति में थी, पुराने दस्तावेज धुंधले पड़ चुके थे और समय पर नवीनीकरण न होने से वह किसी भी वित्तीय सहायता या कृषि ऋण के लिए पात्र नहीं हो पा रहे थे। दुर्गेश ने समाधान शिविर में अपनी समस्या रखी, जहां विभागीय अधिकारी नायब तहसीलदार क्षमा यदु ने तुरंत संज्ञान लेते हुए दस्तावेजों की जांच की। प्रक्रिया को प्राथमिकता में लेते हुए उनकी पुरानी, क्षतिग्रस्त ऋण पुस्तिका का नवीनीकरण कर एक नई पुस्तिका जारी की गई। नई ऋण पुस्तिका मिलने के साथ ही दुर्गेश अब बैंक से कृषि ऋण लेने में सक्षम हो गए हैं। दुर्गेश ने कहा कि समाधान शिविर ने मेरी सबसे बड़ी परेशानी खत्म कर दी। शिविर में कई ग्रामीणों को ऐसी ही राहत मिली।

### खण्डस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 13 को

दुर्ग। खण्डस्तरीय बैंकर्स समिति बीएलबीसी की बैठक 13 मई को शाम 4 बजे जनपद पंचायत सभागार दुर्ग में आयोजित की गई है। पूर्व में बीएलबीसी की बैठक 14 मई को आयोजित किया गया था जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए 13 मई को आयोजित किया गया है। विभिन्न विकासखंडो में मार्च 2025 तिमाही की विकासखंड के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की समयानुसार शाखावार योजनाओं पर समीक्षा के लिए संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## अनदेखी : सड़क की उंचाई तक लाने डाल रहे मिट्टी का बेस, कमजोर होगी इमारत

# करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट में मुरूम की जगह काली मिट्टी की फिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाउसिंग बोर्ड द्वारा शहर के महेश नगर कालोनी के पीछे वृहद प्रोजेक्ट लांच किया गया है। जिसमें तीन सौ से अधिक मकान बनाए जा रहे है। लेकिन करीब सत्तर करोड रूपए वाले इस प्रोजेक्ट में ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। यहां बनाए जा रहे मकानों में कालम के साथ मिट्टी का बेस दिया जा रहा है। जबकि बेस में मजबूती के लिए मुरूम डालने का प्रावधान है। हाउसिंग बोर्ड के निगरानी के बगैर यहां निर्माण कार्य शुरू भी हो गया हैं।

हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुलगांव नाले के पास महेश नगर कालोनी में अठारह एकड जमीन पर प्रोजेक्ट लांच किया गया है। अफसरों ने बताया कि, इसका टेंडर दुर्ग के गोयल ट्रैडर्स को दिया गया है। यहां बोर्ड द्वारा डुप्लेक्स के करीब तीन सौ मकान बनाए जाएंगे। मौके पर देखा गया कि, मकान के लिए बनाए जा रहे कालम के बीच मिट्टियां डाली जा रही है। जबकि यहां पर काली मिट्टी मौजूद है। एक्सपर्ट की माने तो काली मिट्टी इमारत के लिए उपयुक्त नही होता है। इसके बाद भी वहां मुरूम के जगह काली मिट्टियों का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। हरिभूमि ने मौके की जानकारी भी ली। अफसरों का कहना हैं कि, एरिया डूबान क्षेत्र में शामिल है। ऐसे में जमीन के तल से करीब तीन फीट मिट्टी डालने की बात कही जा रही है। अफसरों की माने तो तीन फीट के उंचाई के बाद वहां मुरूम डाला जाएगा।

### खास बातें

- पुलगांव नाला महेश कालोनी के पीछे चल रहा काम
- कलेक्टर द्वारा बोर्ड को एलाट की गई 18 एकड जमीन
- शहर की बडी कालोनी का रूप लेगा बोर्ड का

### हाउसिंग बोर्ड बना रहा महेश कालोनी के पीछे 300 से अधिक मकान



### कॉलम के बाद प्लिंथ लेवल में मिट्टी

एक्सपर्ट की राय माने तो पहले लेबल करना चाहिए। लेकिन अगर कालम के साथ ही प्लिंथ निकालने के बाद मिट्टी डाली जा रही तो गलत है। मौके पर देख गया कि प्लिंथ लेबल में काली मिट्टी डाली जा रही हैं। हाउसिंग बोर्ड के अफसरों ने बताया कि, जहां प्रोजेक्ट लांच किया गया हैं, ये पूरा एरिया डूबान में है। यह जगह गड्डे में होने के कारण उंचाई देने के लिए मिट्टी डाला जा रहा है। इस मामले में एक्सपर्ट इंजीनियरों की माने तो अगर जमीन सडक से नीचे है तो पहले उसे सडक की उंचाई से बराबर करना चाहिए। लेकिन ठेकेदार द्वारा कालम डालने के बाद बीच में मिट्टियां डाल रहे है। जिससे इमारत आगे चलकर कमजोर साबित हो सकती हैं।

### बगैर मानिटरिंग चल रहा करोड़ों का काम

मौके पर करोडों रूपए के इस प्रोजेक्ट की हाउसिंग बोर्ड के अफसर निगरानी भी नही कर रहे है। मौके पर देखा गया कि, लेबरों के भरोसे करोडों का प्रोजेक्ट चल रहा हैं। मौके पर मिट्टी के बजाय कही पर भी मुरूम का उपयोग नही किया जा रहा हैं। इसकी पूरी जानकारी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को भी दे दी गई है। बहरहाल यह हाउसिंग बोर्ड का बडा प्रोजेक्ट है, शहर के अंदर बोर्ड द्वारा तीन सौ से अधिक मकान बनाए जा रहे है। जिसे लेकर लोगों में इतनी उत्सुकता है कि, पूरे मकानों की बुकिंग हो गई हैं। हाउसिंग बोर्ड के ईई रमेश कुमार गोडबोले का कहना है कि, इसकी जानकारी एसडीओ दे पाएंगे।

**लेबलिंग करेंगे**

प्रोजेक्ट वाला एरिया डूबान में है। इसलिए यहां लेबलिंग करने करीब तीन फीट मिट्टी डाल रहे है। इसके बाद मुरूम डालने कहा जाएगा। -परिवेश साहू, एसडीओ हाउसिंग बोर्ड दुर्ग

# मजदूरी दिवस में कटौती आंदोलन करेंगे कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा जिले में मनरेगा के तहत संचालित योजना में मानव दिवस में कटौती कर दी है। जिससे नाराज कांग्रेसियों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होने अल्टीमेटम देकर कहा है कि, अगर आमामी 16 मई तक मानव दिवस यानि मनरेगा में मजदूरी दिन नही बढाया गया तो वे बडा आंदोलन करेगें। इस दौरान बडी संख्या में कांग्रेस नेता कलेक्टोरेट पहुंचे थे।

- मनरेगा में मानव दिवस बढ़ाने राज्यपाल और

जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिले से आए कांग्रेस जनों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मनरेगा में मजदूरी के मानव दिवस बढ़ाने की मांग की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था और वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में इसे और घटकर 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है, जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है। जो ग्रामीण मजदूरों के आजीविका को प्रभावित करता है। जबकि जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। आज ज्ञापन देने वालों में पूर्व धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जामवंत गजपाल, हीरा वर्मा, जिला पंचायत सदस्य उषा सोनवानी,

### रोजगार में कटौती से बेरोजगार होंगे ग्रामीण

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, अन्य वर्षो की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे। मनरेगा में कार्य कर मजदूरी से ग्रामीण खेती किसानी और अन्य कार्य करते थे। उनके आगे रोजगार का संकट हो रहा है। बेरोजगारी के चलते मजदूरों को घर परिवार छोड़कर अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है । इस लिए मांग की जाती है 14 मई तक मनरेगा के मानवदिवस को 42 लाख किया जाए । अगर नहीं किया जाता तो जिले के ग्रामीण और किसान, मजदूर अपनी मजदूरी की सामग्री झौआ, टोकना, घमेला लेकर जिला कलेक्ट्रेट में 16 मई को बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

## प्रधान न्यायाधीश कुजूर ने किया पदभार ग्रहण



दुर्ग। जिला न्यायालय के नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने 9 मई को जिला न्यायालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिए है। उनके पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल उनसे सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया, वहीं अधिवक्ताओं ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव राकेश कुमार यादव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव, सदस्य नितेश कुमार साहू, पंडित अजय मिश्रा, अजय शर्मा, विक्रम पारख, रविश राजपूत, दमयंती चंद्राकर, विनोद देवांगन सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी दानिश परवेज ने दी है।

## लोक अदालत आज, 15 हजार से अधिक मामले की सुनवाई

दुर्ग। वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, जनोपयोगी सेवा तथा किशोर न्याय बोर्ड व तहसील व्यवहार न्यायालय पाटन, भिलाई-3 व धमधा में 10 मई को आयोजित की गई है। नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, सिविल मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलें, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवा से संबंधित प्रकरण व राजस्व से संबंधित लगभग 15637 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था विद्युत, दूरसंचार एवं नगर निगम के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिगेशन प्रकरण के कुल 88969 से अधिक मामलें सुनवाई हेतु रखे है।

## नियमितीकरण के डेढ़ हजार प्रकरण पेंडिंग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले सहित कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भवनों के नियमितिकरण शुरू किए गए प्रकरण को शुरू किए जाने की मांग की है। पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि, पिछले एक साल से अधिक समय से करीब उेढ हजार नियमितकरण के प्रकरण पेडिंग है। जिसका निराकरण नही होने से आम लोग परेशान है। इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल, भोला महोबिया, दीपक साहू सहित अन्य उपस्थित थे। कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद सभी एसपी विजय अग्रवाल से भी मुलाकात करने पहुंचे थे।

- कलेक्टर को प्रकरणों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# सभी नाला-नालियों की समय पूर्व सफाई करने महापौर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम के सभी 60 वार्डों में 1 से 8 जून तक महापौर द्वारा महा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को महापौर अलका बाघमार ने स्टेशन रोड सन्तरा बाड़ी वार्ड. 26 और पोलसाय पारा वार्ड 27 की विभिन्न गलियों का निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनी। महापौर ने नाली सफाई को लेकर दोनो वार्डों के पार्षद सहित रहवासियों से जानकारी ली एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पोलसाय पारा तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। सड़क किनारे अवगमान में बाधित बांस-बल्ली को हटवाने कहा। महापौर ने सड़क किनारे बिल्डिंग वेस्ट मटेरियल रखने वालों से जुर्माना लेने के निर्देश दिए। नाली के ऊपर जितने भी कब्जे है सभी पर जेसीबी चलाने, संतरा बाड़ी में पाइप लाइन लीकेज को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने बारिश के पहले शहर के सभी वार्डों में जाम नालियों, जल भराव की समस्या से सम्बंधित स्थलों में निरन्तर सफाई गन्दे पानी की निकासी का सुगम प्रबंधन प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने अधिकारियों को निर्देश दिये। बारिश में वार्डों के भीतर जलभराव रोकने के लिए संतरा बाड़ी नाला सहित सभी नालों-नालियों की सफाई लगातार मिनी चैन माउंटेन मशीन व गैंग लगवाकर कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश पूर्व शहर के नालों शंकर नाला, पुलगांव नाला, संतरा बाड़ी, पोटिया कला, कसारीडीह के अलावा अन्य ऐसे नाले जिसमें जल भराव से जन जीवन प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है।

- वार्ड 26 व 27 में गलियों का महापौर ने किया निरीक्षण

## ग्राम गोढ़ी में शिविर, जिले के प्रभारी सचिव के निरीक्षण में खुली पोल

# प्रभारी सचिव ने दी शिविर में दबिश, गायब रहे क्रेडा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में आज जिले के प्रभारी सचिव सुब्रत साहू ने जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत गोढ़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अफसर गायब मिले, जिस पर उन्होंने शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉलों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया और विभागवार प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

- प्रभारी सचिव ने योजनाओं की ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान श्री साहू ने कहा जिन प्रकरणों में निराकरण से आवेदक संतुष्ट नहीं हैं, उनकी पुनः गंभीरता से जांच कर संतोषजनक समाधान किया जाए। शिविर के दौरान क्रेडा विभाग का सहायक अभियंता अनुपस्थित पाए जाने पर श्री साहू ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान हो रहा है। उन्होंने बताया कि, सरकार का लक्ष्य हर गरीब को पक्का मकान, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सहायता और किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करना है। विधायक ने बताया कि ग्राम गोड़ी में अपेक्षाकृत कम समस्याएं व मांगे सामने आई हैं, जो प्रशासनिक सक्रियता का प्रमाण है।



### ढाई हजार से अधिक आवेदन मिले

जलि के ग्राम पंचायत गोढ़ी में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न पंचायतों अछोटी, अहेरी, अकोला, बगडूमर, बीरभाट, बोरसी, ढौर, गोंढ़ी कपसदा, लहंगा, मालपूरीकला, मालपूरीखुर्द, ओटेबांध से कुल 2871 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2803 समस्याओं का निराकरण कर दिया गया, जबकि 68 आवेदन लंबित हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं को अन्नप्राशन कीट वितरित किए गए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग द्वारा दो हितग्राहियों को नकद ऋण प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, 3 हितग्राही को नक्शा बटांकन और 5 हितग्राही को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए व अन्य विभागों के आवेदनों का भी निराकरण किया गया।

### बजट की स्वीकृति पर होंगे प्रकरण निराकरण

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि, मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू किए गए इस अभियान से अब लोग बिना कार्यालयों के चक्कर लगाए, घर बैठे अपनी शिकायतें और मांगें दर्ज करा पा रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम चरण में 8 से 11 मई तक जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के माध्यम से आम जनता से आवेदन लिए गए। द्वितीय चरण में इन आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड कर विभागीय निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की गई है। जिन मामलों में संसाधन और बजट उपलब्ध था, वहां तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की गई है, जबकि अन्य मामलों में बजट स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला प्रशासन जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगा। जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत 6 मई से 15 जून तक की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने "एकैच गोठ, एकैच बानी, बूंद-बूंद बचाओ पानी" थीम के साथ जनता को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

# छत्तीसगढ़ जनकल्याण संस्था ने खोला प्याऊ घर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग जनकल्याण संस्थान द्वारा गर्मी को देखते हुए पांच बिल्डिंग आरटीओ आफिस के सामने स्व श्याम पांडेय एवं ऋचा कौशिक की स्मृति में शीतल जल प्याउ घर खोला गया है। प्याउ घर के शुरूआत पर पहले दिन राहगीरों को हलवा का भोग वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, जीवनदीप समिति के अध्यक्ष अनुरूप साधु, संस्थान के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, जिला संयोजक दिलीप पटेल, महेन्द्र यादव, पार्षद गुड्डु यादव, लोकेश्वरी ठाकुर, वेद नारायण यदु, संतोष निर्मलकर, बंटी दिल्लीवार, निलेश ध्रुव, संतोष निर्मलकर, पिंटु दिल्लीवार, आरके तिवारी, तिरथ साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गनेश्वरी बाई और नूतन बाई मिला जाब कार्ड

**बालोद।** सुशासन तिहार 2025 बालोद जिले के ग्राम जुंगेरा की



गनेश्वरी बाई और नूतन बाई के जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आया है। क्योंकि आज उनकी एक समस्या का त्वरित समाधान हो चुका है। गनेश्वरी और नूतन ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत जुंगेरा में मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया था। उनके इस आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका मनरेगा जॉब कार्ड बना दिया। जिसे आज ग्राम जुंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें प्रदान कर दिया है।

### संविधान की हीरक जयंती समारोह पर परिचर्चा कल

**डौंडीलोहारा।** राजधानी में संविधान के हीरक जयंती वर्ष में समस्त छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडेरेशन के नेतृत्व में राज्यस्तरीय परिचर्चा और आमसभा का आयोजन किया जाएगा। शहीद स्मारक भवन में 12 मई को संविधान हीरक जयंती समारोह रखा गया है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। जिसमें राज्यभर के अधिकारी कर्मचारी एवं सामाजिक संगठनों की प्रांतीय कार्यकारिणी सहित जिला, ब्लाक के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। इस सभा में प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, गोड समाज, हलबा समाज, कवर समाज, उरांव समाज, गाड़ा समाज, महार समाज, रविदासी समाज, ओबीसी महासभा सहित तमाम अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी श्री कमलेश ठाकुर (संचालक समिति सदस्य) द्वारा दिया गया।

### देवांगन समाज डौंडीलोहारा की वार्षिक सभा 18 को

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड देवांगन समाज डौण्डीलोहारा की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 18.05.2025 दिन रविवार को समीप के ग्राम कापसी में आयोजित किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि मा. दीपक देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद, अध्यक्षता राजेन्द्र देवांगन अध्यक्ष वि.ख. देवांगन समाज डौडीलोहारा करेंगे। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों का सामाजिक अभिनंदन, सामाजिक भवन एवं सहयोग राशि पर चर्चा, समाज की मुख्यधारा से पृथक किये गये एवं धर्मान्तरण पर चर्चा, सामाजिक रीति रिवाज, सगाई विवाह पर आ रहें बदलाव पर चर्चा, वार्षिक आय व्यय की प्रस्तुति एवं अनुमोदन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र देवांगन ने उक्त बैठक में वि.ख. देवांगन समाज के सभी सामाजिक सदस्य वि.ख., मंडल, ग्राम ईकाई, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारीगों को आमसभा में उपस्थित होकर सभा को सफल बनानें की अपील की है।


### शपथ पत्र

फकीर चंद जैन आ. श्री प्रेमचंद जैन उम्र करीब 52 वर्ष निवासी भीमकन्हार तह. डौंडी लोहारा जिला बालोद (छ.ग.)...............शपथकर्ता

मैं शपथकर्ता नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक हल्फत ब्यान प्रस्तुत करता हूं।

1. यह कि मेरा पूरा नाम व पता ऊपर लिखे अनुसार है।
2. यह कि मेरा सही नाम फकीर चंद है जो कि मेरे सभी दस्तावेज में दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से जीवन बीमा एवं सोसायटी में खाता खुलाया गया है जिसमें मेरा नाम अमरचंद दर्ज है
4. यह कि उक्त दोनों नाम मुझ शपथकर्ता का ही है और मैं फकीरचंद उर्फ अमरचंद लिखता हूं इस कारण उक्त दोनों नाम से मुझे जाना व पहचाना जाने इस शपथपत्र कि आवश्यकता हुई है।
5. यह कि इस शपथपत्र में निहीत सभी बातें मेरी जानकारी के अनुसार सत्य व सही है गलती पाये जाने पर संपूर्ण जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता कि होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
फकीरचंद जैन


**हादसा :** देवीनवागांव में सुंदरा से लाटाबोड़ जाने वाले मार्ग पर हुआ हादसा

# ट्रक की चपेट में आने से सायकिल सवार की घटना स्थल पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवीनवागांव मे सुंदरा से लाटाबोड़ को जाने वाले मार्ग पर शनिवार को करीब 4:30 बजे एक सड़क हादसे मे नवागांव के रहने वाले दामोदर पटेल उम्र करीब 70 वर्श की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक गाड़ी खड़ी कर मौके से फरार हो गया। जिस जगह पर घटना हुई वहां सड़क पर काफी गढ्ढे है, तथा पास मे ही मुरूम का ढेर रखा हुआ हैं।

बताया गया कि धान की बोरियो से लदी एक धमतरी की ट्रक सुंदरा से लाटाबोड़ की ओर ही जा रही थी। तभी देवीनवागांव बस्ती से आगे एक बरगद के पेड़ के पास गांव का ही दामोदर पटेल अपने साईकिल से उसी दिशा की ओर जा रहा था। इस बीच ट्रक के पीछे पहिया की चपेट मे आने से बुजुर्ग दामोदर पटेल बुरी तरह से कुचला गया। उसकी अंतड़िया बाहर आ गई जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। वही घटना के बाद थोड़ी दूर जाने के बाद ट्रक चालक गाड़ी रोक कर मौके से फरार हो गया।



घटना की जानकारी मिलने पर बालोद पुलिस मौके पर पहुंची और पोष्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी भिजवाया गया। ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजे 5841 पर देव श्री उद्योग नयापारा धमतरी लिखा हुआ पाया गया। जिसमे एक मोबाईल नंबर भी दिया था जो की गाड़ी मालिक का बताया जा रहा है। जब उक्त नंबर से संपर्क कर उनसे जानकारी ली गई तो उन्होने घटना होने की जानकारी स्वीकारी और कहा कि ड्रायवर के बारे मे मुझे जानकारी नही है कि वह कहा गया। इधर ग्रामीणो ने इस घटना के बाद आक्रोश देखने को मिला। घटना की वजह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना, तेज रफ्तार ट्रक का होना, साथ ही सड़क का भी खराब होना बताया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए कई बार मांग कर चुके है, लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है, सुशासन तिहार मे भी यह मुद्दा उठा था, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नही मिलता। यह मार्ग लाटाबोड़ दुर्ग मुख्य मार्ग से जुड़ता है जिसके चलते आए दिन भारी वाहन इसी नजदीकी रास्ते से चलते है, सड़क बुरी तरह से खराब है तो वही भारी वाहनो की रफ्तार भी तेज होती है। जिससे अक्सर हादसा होने का डर रहता है। बालोद पुलिस आगे की कार्यवाही मे जुटी हुई है।

## विधायक निषाद को छात्रों ने समस्याओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा।

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के छात्र प्रतिनिधि मंडल ने गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद से भेंट कर महाविद्यालय की आधारभूत समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में छात्रें ने महाविद्यालय के भवन मरम्मत, कक्षाओं की कमी, पुस्तकालय एवं डिजिटल संसाधनों की अनुपलब्धता, खेल मैदान की जरूरत, स्वच्छ जल एवं शौचालय व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं को रेखांकित किया। साथ ही परिसर के सौंदयऍकरण और हरित वातावरण निर्माण की मांग भी रखी गई।

छात्रें ने यह भी बताया कि संसाधनों की कमी के बावजूद वे अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं, परंतु यदि उचित अधोसंरचना और सुविधाएं मिलें, तो वे और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

छात्रें ने बताया कि विधायक कुंवर सिंह निषाद ने छात्रें की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा कि वे महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग देंगे। उन्होंने कहा, युवा जब अपने हक और भविष्य के लिए खुद आगे आते हैं, तो वह समाज की चेतना और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करता है। शिक्षा ही वह साधन है जिससे कोई भी समाज समृद्धि की ओर अग्रसर होता है और मैं इस दिशा में सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में यशवंत कुमार टंडन, हेमचंद भारती, राकेश कुंभकार, शुभम देशमुख, शिखा देवदास, वैभव देशमुख, युवकांत सिन्हा, कुलदीप साहू, दानेश्वर सिन्हा समेत अन्य छात्र उपस्थित थे।

## लोक अदालत में राजानामे से कई प्रकरणों का निराकरण, दो करोड़ का अवार्ड पारित

**लंबित 2254 में से 2193 प्रकरणों का निराकरण किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है। इस लोक अदालत में कुल 2,06,67,949 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया है।



प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आर्फेस के प्रकरणों का निराकृत किया गया। इसी तारतम्य में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न, बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए न्यायालयों में कुल 09 खण्डपीठ का गठन किया गया, जिसमें कुल लंबित प्रकरण 2254 रखे गये थे, जिसमें कुल 2193 लंबित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में, लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 39485 प्रकरण रखा गया, जिसमें 34985 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के द्वारा शारीरिक रूप से अपंग महिला परागा बाई, निवासी ग्राम कुरदी, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद को ट्राईसायकल का वितरण किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में बालोद बाजार के द्वारा स्टॉल भी लगाया गया तथा परिवार न्यायालय में अनेक परिवारिक मामलों से राजीनामा किया गया।

फोटोः–बीएलडी न्यूज 13/कुल

## आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने पिस्दा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र से के आर पिस्दा को काफी प्रेम था, वे दल्लीराजहरा शहर के समीप किल्लेकोड़ा के निवासी थे। उनके अचानक से चले जाने के बाद दल्ली राजहरा सहित क्षेत्र में शोक की लहर फैली, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा ने आज अपने बीच के एक ऐसे अप्रतिम अधिकारी को अंतिम विदाई दी, जिनकी कार्यशैली, दूरदृष्टि और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के. आर. पिस्दा के निधन पर शनिवार को राजधानी स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित शोक सभा में उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने की, जबकि उपाध्यक्ष अमित कटारिया, सचिव रजत कुमार, सचिव अन्बलगन पी. सहित राज्य के कई वरिष्ठ और कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**प्रशासनिक सेवा के सजग प्रहरी-** श्री पिस्दा को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें एक दूरदर्शी, संवेदनशील और समर्पित प्रशासक बताया, जिनकी निर्णय क्षमता, मानवीय दृष्टिकोण और नीतिगत दक्षता ने छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक कार्य संस्कृति को नई दिशा दी। दंतेवाड़ा और कांकेर जैसे संवेदनशील जिलों में कलेक्टर रहते हुए उन्होंने जिन विषम परिस्थितियों में प्रशासनिक कार्य किए, वह आज भी प्रशासनिक प्रशिक्षण का उदाहरण माने जाते हैं। सलवा जुडूम आंदोलन के दौर में उनके नेतृत्व ने बस्तर की बदलती तस्वीर को साहसिक रूप दिया।

**सरलता में छुपा था नेतृत्व का बल-** श्री पिस्दा की सबसे बड़ी विशेषता थी—उनकी सादगी और सहजता। जनसामान्य से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें आमजन का प्रिय बनाती थी। अधिकारीगण ने साझा किया कि पिस्दा जी हमेशा नए अधिकारियों को मार्गदर्शन देते और कठिन परिस्थितियों में भी मनोबल बनाए रखने की प्रेरणा देते थे।

**सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहा योगदान-** अपने प्रशासनिक जीवन के उपरांत भी उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में नैतिकता और पारदर्शिता की मिसाल कायम की। उनके कार्यकाल में आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और कार्यकुशलता के नए मानदंड स्थापित हुए।

**शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना-** सभा में उपस्थित सभी अधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक सेवाओं में के. आर. पिस्दा जी का योगदान एक प्रेरक अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।

## गायत्री परिवार के युवा शिविर में नशे के खिलाफ किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला मे गायत्री परिवार द्वारा ब्लॉक स्तरीय युवा जागरण शिविर के एक दिवसीय युवा शिविर का आयोजन प्रज्ञापीठ नेवारीकला में किया गया। जिसमें टेकापार, नेवारीखुर्द, नवागांव के युवा शामिल हुए। जिसमे युवाओ को नशे से दूर रहने के साथ धर्म व संस्कार के प्रति जागरूक किया गया तथा युवाओ को आगे आकर सामाज के प्रति समर्पित होकर श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।



जिसमे मार्गदर्शन के लिए पहुंचे आचार्यो की बातो को ग्राम के युवाओ ने आत्मसात करते हुए उनकी बातो को अपने पास रखे डायरी मे नोट करते दिखे। जहां शिविर मे छोटे बच्चो के साथ युवक व युवतियां शिविर मे सम्मिलित होकर आचार्यो द्वारा दिए गए



मार्गदर्शन का लाभ लिया तथा उनकी बातो को अपने जीवन मे आत्मसात कर अपने जीवन को श्रेष्ठ जीवन बनाने का प्रण लिया।

शिविर में आचार्य कमलनारायण साव, राहुल साहू, मुकेश साहू ने कक्षा के अलग अलग विषय पर जानकारी दिए। नेवारीकला से गंगा राम साहू उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में पूनाराम को मिली किसान किताब

**बालोद।** सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में पहुंचे ग्राम दैहान के किसान पुनुराम ने बताया कि उनका पहले जो किसान किताब था, वह बहुत पुराना होने के कारण उसे उपयोग में नहीं ला पा रहे थे, जिससे बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। नया किसान किताब बनाने के लिए काफी समय से सोच रहे थे, लेकिन नहीं बनवा पा रहा था।



पुनुराम ने बताया कि सुशासन तिहार की जानकारी गांव में मुनादी द्वारा मिलने पर उन्होने पंचायत में जाकर नया किसान किताब बनाने के लिए आवेदन किया और आज उन्हें समाधान शिविर में निःशुल्क नया किसान किताब मिल गया। नया किसान किताब के लिए किसी प्रकार की राशि भी नहीं लगा है। पुनुराम ने कहा कि सुशासन तिहार बहुत मददगार साबित हुआ है। पुनुराम ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर सभी किसानों के लिए बहुत अच्छा है। उनके आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है।

## शिकायतों के बाद 300 से ज्यादा लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुशासन तिहार के शिविरों में मिले शिकायत व मांग की कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा शिकायतों के निराकरण कि दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहा है। राजस्व अमला नाली, नाला, निगम व शासकीय भूमि के अवैध कब्जे, स्वास्थ अमला स्वच्छता, साफ-सफाई सहित अन्य आवेदना का निराकरण किया जा रहा है। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर खुर्सीपार में सीवरेज लाइन के प्रभावितों को निगम अधिकारियों के द्वारा नोटिस वितरण किया जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा सीवरेज लाइन निर्माण हेतु स्वेच्छा पूर्वक सहयोग किया जा रहा है, इस पर आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। वही केनाल रोड के निर्माण का सर्वेक्षण कार्य जोन दो एवं तीन की टीम लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के आरआई पटवारी के साथ प्रभावित भवन का नपाई तथा सूची बद्ध करने कार्य प्रारंभ हो चुका है।

सुशासन तिहार अन्तर्गत जोन दो के वार्ड 29 वृंदानगर एवं शांति नगर वार्ड 15 में सडक 6 बी 6 सी के बीच मकानों के पीछे से गुजर रही नाली पर अवैध कब्जा कर जगह जगह गेट लगा कर बंद किया गया था। जिससे कर्मियों को सफाई मे परेशानी हो रही थी। आयुक्त पाण्डेय अपने प्रातः भ्रमण के दौरान उक्त शिकायत का स्थल अवलोकन कर जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को समय सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कर निराकृत करने को कहा था।

गुरूवार को जोन का राजस्व विभाग रवि भावते के मकान के मुख्य गेट का पिल्लर जो नाली में खडा किया था उसे जेसीबी से गेट सहित उखाड़ कर नाली में लम्बी दूरी तक लगे पांच गेट को भी तोड़ा गया। इसी प्रकार वृंदावन नगर में नाले के किनारे शासकीय भूमि पर तार, बांस-बल्ली, लोहा गेट लगा कर किये गये अवैध कब्जे को बेदखल किया गया।




## खबर संक्षेप

### प्रांत स्तरीय छत्तीसगढ़ नाचा महोत्सव का समापन आज

**अंडा।** छत्तीसगढ़ लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा दुर्ग के तत्वावधान में पुरखा के सुरता स्वर्गीय दाऊ दुलार सिंह मंदराजी साव जी की स्मृति में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय नाचा महोत्सव का आयोजन ग्राम लिटीया विधानसभा साजा में 10 व 11 मई को आयोजित होने जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त नाचा दलों का मंचन किया जायेगा। उक्त आयोजन में प्रथम दिवस मुख्य अतिथि जितेन्द्र साहू अध्यक्ष छः ग तेलघानी बोर्ड अतिविशिष्ट अतिथि पवन शर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग होंगे। द्वितीय दिवस समापन समारोह के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अतिविशिष्ट अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक अहिवारा, अध्यक्षता ईश्वर साहू विधायक साजा विधानसभा विशिष्ट अतिथि लाभचंद बाफना पूर्व संसदीय सचिव छः ग शासन, श्री दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प आयोग, श्रीमती सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, श्री लीमन साहू जी अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, श्री सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि, श्री नटवर ताम्रकार पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अहिवारा, श्री जितेन्द्र यादव सभापति जिला पंचायत दुर्ग, सुश्री प्रिया साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, श्री महंत डॉ लीलाधर दास अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ सहित जनपद सदस्य सरपंच गण उपस्थित होंगे। इस आयोजन में अतिविशिष्ट अतिथि एवं ख्याति प्राप्त फिल्म कलाकार सुश्री मोना सेन अध्यक्ष छः ग केश बोर्ड की उपस्थिति होगी। उक्त आयोजन की तैयारी के लिए छः ग लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा दुर्ग व संत समाज नाचा पार्टी लिटीया एवं ग्राम पंचायत लिटीया के कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक तैयारी कर रहे हैं ।इस आयोजन के लिए कुबेर मानिकपुरी,सुकृत साहू, लेखराम साहू,डबल धीवर ,अमर साहू आदि लोक कलाकारों ने बैठक कर तैयारी में विशेष रूप से लगे हुए हैं।

### सेजेस डौंडीलोहारा के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**डौंडीलोहारा।** छ.ग. माध्य. शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा परिणाम पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा सत्र 2024-25 का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम निम्न प्रकार रहा, कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम में 77% जिसमें राहुल निषाद ने 95% के साथ प्रथम स्थान, अमन देवांगन 92.5 के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 12वीं विज्ञान एवं वाणिज्य में परिणाम 72.22% एवं 93% रहा, जिसमें 12वीं विज्ञान में योगेश देशमुख 81.40% तथा 12वीं वाणिज्य में नियति आर्या 89.40% स्थान लेकर प्रथम रही। कक्षा 10वीं हिन्दी माध्यम में परिणाम 75% रहा, जिसमें उषा साहू ने 80.50% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 12वीं कला,68% विज्ञान 62%एवं वाणिज्य में परिणाम 100% रहा। जिसमें 12वीं कला में लोकेश्वरी 72.8%, 12वीं विज्ञान में प्रतिभा सिन्हा 74.4% तथा 12वीं वाणिज्य में कीर्ति 77.60% स्थान लेकर प्रथम स्थान पर रही। संस्था प्रमुख ,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण , परीक्षा प्रभारी एवं शाला परिवार समस्त सफल विद्यार्थियों को शुभकानाएं प्रेषित की है।

## निधन

### भुवन लाल चंद्राकार

**अंडा।** सुनील न्यूज़ एजेंसी के मालिक श्री भुवन लाल चंद्राकार (78) का निधन रात्रि को हो गया जिनके अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 9 मई को सुबह 11:00 बजे हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया । वे सुनील चंद्राकर, संजय चंद्राकर के पिता एवं योगेंद्र चंद्राकर ,विवेक चंद्राकर के दादा जी थे।



### रामकुमार यादव

**बालोद।** नगर के जवाहरपारा निवासी रामकुमार यादव का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार रामघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह राजा यादव के पिता थे।

---

**सुशासन तिहार : सुशासन तिहार में प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का निराकरण किया जाएगा : संभाग आयुक्त राठौर**

# पंक्ति के अंतिम व्यक्ति और जरूरतमंदों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

**जल संरक्षण अभियान एक कारगर कदम, ग्रामीणों को मिलेगा लाभ**





संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का गुणवत्तायुक्त एवं समुचित निराकरण किया जाएगा। राठौर ग्राम जुंगेरा में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर के अवसर पर अपना उदगार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में भी जानकारी दी।

संभाग आयुक्त राठौर ने राज्य में सुशासन तिहार के आयोजन की सराहना करते हुए इसे आम जनता के वाजिब मांगों एवं समस्याओं के पड़ताल करने का अत्यंत कारगर माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आने के साथ–साथ समाज के अंतिम पंक्ति एवं जरूरतमंद लोगों तक शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी। राठौर ने जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण के अभियान की सराहना करते हुए जिले वासियों से इस कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

समाधान शिविर के अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, पवन साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित राकेश यादव छोटू, प्रेम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

समाधान शिविर मे जुंगेरा कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत जुंगेरा के अलावा ग्राम परसदा, सांकरा (ज), दरबारी नवागांव, जगन्नाथपुर, घुमका, कोहंगाटोला, तरौद, मनौद, खेरथाडीह, भोथली, ओरमा, बघमरा, डेंगरापार, खैरतराई सहित कुल 16 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 4714 आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम को मे तोमन साहू ने कहा कि सुशासन तिहार सही मायने में प्रशासन को जनता तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार को शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं समयबद्ध तरीके से आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण करने का अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 01 लाख 33 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने पूरे देश और दुनिया की तरह बालोद जिले में भी जल संकट एवं लगातार घटते भूजल स्तर पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आने वाले समय में पानी की इस भीषण संकट से निपटने हेतु समय रहते जल के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बालोद जिले के सभी नागरिकों से जल संरक्षण के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पौधरोपण कर उनकी देखभाल की समुचित व्यवस्था करने को कहा। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने आम नागरिकों को साईबर फ्रॉड से बचाव के उपाय के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने शिविर में उपस्थित आम नागरिकों को आश्वास्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव आम जनता के सेवा एवं सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। पटेल ने सुशासन तिहार के अंतर्गत पुलिस विभाग को प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने की भी बात कही है।

कार्यक्रम मे पवन साह, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, ने ने भी संबोधित किया। प्रतिवेदन वाचन करते हुए एसडीएम सुरेश साहू ने सुशासन तिहार के प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

---

## 10वीं की टापर ग्रेसी साहू का स्कूल में किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्च अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा मे अध्ययनरत छात्र ग्रेसी साहू ने सत्र 2024–25 की हायर सेकेण्ड्री स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा मे 10वां स्थान प्राप्त की, छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य सुनीता यादव ने हर्श व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी का जीवन तपस्या एवं त्याग का जीवन होता है। जिसके अनुरूप ग्रेसी ने भी त्याग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा ग्रेसी बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रही है। व्याख्याता भौतिक शास्त्र कक्षा शिक्षक जनक साहू ने कहा ग्रेसी साहू मेधावी विद्यार्थी है, जिसे सही मार्गदर्शन दे कर उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। जिसके परिणाम स्वरूप ग्रेसी साहू टॉप 10 मे अपना स्थान बनाया। व्याख्याता गणित अशोक सिन्हा ने बताया कि गणित के हर समस्या का समाधान प्राप्त करने की उत्कंठ इच्छा ही उसे इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता रसायन इन्द्राणी मुखर्जी ने बताया कि ग्रेसी के अंदर रसायन को जानने व समझने की इच्छा शक्ति ही मेरिट की ओर अग्रसर किया। व्याख्याता हिन्दी भारत लाल नायक ने बताया कि हिन्दी मे पकड़ बहुत ही अच्छी थी। व्यावसायिक प्रशिक्षक टेलीकॉम उमेश सिन्हा ने कहा कि छात्र की रूचि संचार के क्षेत्र मे पकड़ बहुत अच्छी थी। इस अवसर पर छात्र के पिता तुकाराम साहू, व्याख्याता एम जार्ज, गीता गुप्ता, उमा त्रिपाठी, राजेन्द्र कुमार आवडे, तामसिंह पारकर, सावित्री स्वर्णकार, मांडवी मिश्रा, आशा प्रधान, किर्तिका साहू, दीपमाला जोशी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य नितिन जैन, मनीश जेठवानी, योगेन्द्र सिन्हा एवं संजय वैस उपस्थित थे।

## मोहिनी एकादशी पर इस्कान ने नगर में हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





इंस्कान प्रचार केंद्र गुरूर के तत्वावधान में केशव सखादास के नेतृत्व में मोहिनी एकादशी के शुभ दिन पर शुभाष नगर कॉलोनी में एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण नगरी संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के दौरान वक्ताओं ने कहा श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित शाश्वत सिद्धांत के अनुसार, कलियुग में केवल हरिनाम संकीर्तन ही एकमात्र उद्धार का मार्ग है। श्रील प्रभुपाद ने इन दिव्य शिक्षाओं का अनुवाद कर इन्हें समस्त विश्व में प्रचारित किया। इस उद्देश्य से भक्तों ने मृदंग, करताल और प्रेमपूर्ण भक्ति के साथ गाते हुए संकीर्तन किया।

भक्तों ने जब पूरे कॉलोनी की गलियों में हरिनाम का गुणगान करते हुए पदयात्र की तो स्थानीय निवासी भी उनके साथ जुड़ गए। उन्होंने भी खुले हृदय से नृत्य करते हुए, हरिनाम का जाप किया और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति की भावना से भर उठा। यह एक भावविभोर कर देने वाला, सुंदर और दिव्य दृश्य था। संकीर्तन लगभग डेढ़ घंटे चला, जिसमें मुख्य चौराहों पर नृत्य संकीर्तन किया गया, यह प्रयास, हर घर और हर हृदय में कृष्ण भक्ति जागृत करने के उद्देश्य से किया गया। इस्कान केवल हरिनाम संकीर्तन और उत्सवों का आयोजक नहीं है, बल्कि इसका प्रमुख उद्देश्य है, श्रीकृष्ण के पवित्र नाम की महिमा को फैलाना और हर जीव को आध्यात्मिक जीवन में एक सुनियोजित प्रशिक्षण प्रणाली के माध्यम से आगे बढ़ाना। यह एक संरचित एवं चरणबद्ध भक्ति मार्ग प्रदान करता है, जिसमें शुरुआत होती है जप (हरिनाम का व्यक्तिगत जप) से, फिर कृष्ण कथा और भगवद चर्चा द्वारा श्रवण, सेवा के विभिन्न अवसरों में भाग लेना, भव्य उत्सवों में सम्मिलित होना, और धीरे–धीरे आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होना। यह अभियान धोबनपुरी गांव में साप्ताहिक संकीर्तन से प्रारंभ हुआ था, जो अब गुरूर और इसके आसपास के क्षेत्रें में भी विस्तृत हो गया है। स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर अब से हर सप्ताह शुभाष नगर कॉलोनी में भी नियमित रूप से संकीर्तन आयोजित किया जाएगा।

## चिखलाकसा समाधान शिविर में 389 हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत आयोजित तीसरे चरण के समाधान शिविर ने शनिवार को जनहित के कार्यों में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया। नगर पंचायत चिखलाकसा के जय स्तंभ चौक, वार्ड क्रमांक 04 में आयोजित इस शिविर में 389 हितग्राहियों को विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभान्वित किया गया, वहीं 45 आवेदनों में से 23 का त्वरित निराकरण भी किया गया।

**तीन चरणों में हुआ आयोजनः** प्रथम चरण में आम जनता से समस्याओं और मांगों पर आधारित आवेदन प्राप्त किए गए। द्वितीय चरण प्राप्त आवेदनों का विभागीय निराकरण किया गया। तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन कर सीधे लाभ पहुंचाया गया।

शिविर में मुख्य अतिथिः भोजराज नाग, सांसद थे। विशिष्ट अतिथिः चेमन देशमुख (भाजपा जिला अध्यक्ष), यशवंत जैन (पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग)

**भाग लेने वाले प्रमुख विभागः** समाज कल्याण, राजस्व, वन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रम, आबकारी, पुलिस, खाद्य, कृषि, परिवहन, आयुष और लोक निर्माण विभाग। भोजराज नाग द्वारा कार्यक्रम स्थल के लिए स्थायी डोम शेड निर्माण की घोषणा की गई, जिससे भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन और अधिक व्यवस्थित ढंग से हो सकेगा। इस आयोजन ने न सिर्फ शासन की जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया, बल्कि 'जन-सेवा ही सर्वोपरि' के सिद्धांत को भी मजबूती प्रदान की।

## आत्मानंद मंगचुवा विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मंगचुवा में अंग्रेजी माध्यम 2023 से प्रारंभ हुआ है। इस सत्र में पहली से दसवीं तक कक्षा संचालित था। जिसमें कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवीं, छठवीं, सातवीं, आठवीं और दसवीं का वार्षिक परीक्षा फल शतप्रतिशत रहा। इस संस्था के टीचर्स द्वारा बहुत ही कड़ी मेहनत किए, अतिरिक्त क्लास लगाकर बार, बार अभ्यास कराया गया। विशेष सहयोगी टीचर्स में योगेश कुमार देशमुख व्याख्याता, अभिराम घोष सर, मीनाक्षी मैडम व्याख्याता, प्रगति मैडम व्याख्याता देविका मैडम व्याख्याता, खुशबू रानी साहू, लिपिका गजभिए, स्वाति श्रीवास्तव मैडम, भगत मैडम, रविंद्र पाल सिंग सर, लोकेश कुमार गंजीर , नेमीचंद ठाकुर सर, जोशी व्याख्याता, शर्मा सर, कौशिक सर, आर्य मैडम व्याख्याता, विकाश यादव व्याख्याता, चुरेंद्र सर व्याख्याता, घृतलहरे सर, इस संस्था के शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोहित ढालेंद्र, सरपंच पूनम चंद जैन, उत्तम ठाकुर , उतरा घरेंद्र ने सभी स्टॉफ एवं बच्चों को बहुत बहुत बधाई दिए हैं। उक्त जानकारी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंगचुवा के प्रभारी प्राचार्य आई.आर. बागमरिया ने दी।

**वन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं**

# सागौन नर्सरी पर वन माफियाओं की मनमानी, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



एक ओर जहाँ सरकार पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर दल्लीराजहरा के बिलासपुरिया पारा स्थित सागौन नर्सरी क्षेत्र में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई बेरोकटोक जारी है। तीन टंकी के पास रातों-रात हरियाली पर कुल्हाड़ी चला दी गई और कीमती सागौन के पेड़ों को काटकर तस्कर फरार हो गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी चंदन और सागौन जैसे बहुमूल्य वृक्षों की कटाई की घटनाएँ हो चुकी हैं, परंतु अब तक न तो किसी तस्कर की पहचान हो पाई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई है। नतीजतन, अवैध तस्करों के हौसले बुलंद हैं और हरियाली का नामोनिशान मिटता जा रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि वन विभाग की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। विभाग की चुप्पी यह सवाल खड़ा करती है कि क्या इन अवैध गतिविधियों को किसी उच्च स्तर से संरक्षण प्राप्त है?

सागौन नर्सरी क्षेत्र में सागौन के दर्जनों पेड़ों की रातों-रात कटाई। पहले भी हो चुकी हैं चंदन और सागौन की अवैध कटाई की घटनाएँ।

वन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं। स्थानीय निवासियों में रोष, विभागीय लापरवाही पर उठ रहे सवाल। यदि समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो न सिर्फ पर्यावरण को भारी नुकसान होगा, बल्कि सरकारी योजनाओं पर भी पानी फिर जाएगा।दल्लीराजहरा वन प्रेमियों की मांगः तत्काल जांच समिति गठित की जाए, कैमरा फुटेज और गुप्त सूत्रों के माध्यम से तस्करों की पहचान की जाए, स्थानीय वन अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त निगरानी और गश्त बढ़ाई जाए।

### क्या कहते हैं अधिकारी और जनप्रतिनिधि वन प्रेमी

जिला वनमंडलाअधिकारी श्री सरोटे कहते हैं की सागौन के अवैध कटाई की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है आपके माध्यम से शिकायत प्राप्त हो रही है शीघ्र ही जांच कर करा आरोपियों के खिलाफ में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दल्लीराजहरा वन प्रेमी सुरेंद्र कुमार,उपेंद्र जगनायक ,जनक ,जग्गू ,मनीष आदि लोग आक्रोश भरे शब्दों में कहा कि वन की लगातार कटाई की जा रही है और कार्रवाई नहीं हो रही है पर्यावरण समाप्त होते जा रहा है कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हुई ठगी

**भिलाई।** बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी के साथ शेयर मार्केट के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 3(5), 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 97 बी- 4नेहरू नगर ईस्ट भिलाई निवासी हरिकृष्ण तिवारी के वाट्सअप पर अज्ञात ने एक लिंक भेजा। जिसमें शेयर के माध्यम से अधिक रकम का लालच दिया गया। उसमें अपना डिटेल भरने को बोला गया। जिसमें पीड़ित ने डिटेल अपडेट किया। जिरोधा ब्रोकिंग कंपनी के माध्यम शेयर खरीदने के लिये अज्ञात ने बताया। पीड़ित ने अपने खाते से युपीआई के माध्यम से 7 बार में 1 लाख 70 हजार रुपए अज्ञात को भेजा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज